हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार, 12 जून 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड




# कठौली में हुई रामचरित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला

■ प्रदेश के 20 जिलों के 132 प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम कठौली के जोगी बाबा आश्रम में तीन दिवसीय श्री रामचरित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। कार्यशाला में प्रशिक्षक विद्वानों ने श्रीरामचरित मानस के विविध प्रसंगों पर मानस व्याख्यान दिया। व्याख्या शैली, रोचकता, प्रसंगों की भूमिका, कथ्य, दृष्टांत, समय निर्धारण सहित विभिन्न विधाओं से अवगत कराया। फूहड़ता, तथ्यहीन कथ्यों सहित अनावश्यक भूमिकाओं से व्याख्याकार को सावधान करते हुए सफल वक्तव्य देने की ओर प्रेरित किया। तीन दिवसीय व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रशिक्षक त्रेता चंद्राकर विनायकपुर, बलराम साहू धरमी, चिंताराम सेन खल्लारी, संगीता निषाद धमतरी, महेंद्र साहू डांडेसरा, प्रेमलाल साहू गुदगुदा एवं बालेंद्र साहू बकली थे। प्रथम दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ गौकरण साहू विधायक प्रतिनिधि ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता कविता साहू सरपंच कठौली ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य तामेश्वरी साहू, पूर्णेंद्र देव साहू सरपंच प्रतिनिधि एवं डॉ. खेमराज साहू थे। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षकों ने रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों से प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उत्कृष्ट व्याख्यान के लिए आवश्यक जानकारी दी।



इस अवसर पर राजमानस संघ धमतरी के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, सचिव जेएल देवांगन, कृष्णकुमार पांडेय, जीवनदास वैष्णव, दानीराम साहू कोषाध्यक्ष राज मानस संघ धमतरी, डॉ. भूषण चंद्राकर, पं. योगेश्वर उपाध्याय, कोदूराम चंद्राकर, लल्लू राम वर्मा, संगीतकार आलोक भट्टाचार्य, लोकेश गायकवाड, भूपेंद्र वैष्णव, रामचंद्र विश्वकर्मा, नारायण लाल देवांगन, आरआर साहू, दुष्यंत पटेल अध्यक्ष राघवेन्द्र मानस परिषद, दुलार सिंह साहू , फागू तारक, हरीश साहू, लोमस साहू, शत्रुहन सिन्हा, पोयम शरण साहू मौजूद थे। कार्यशाला को सफल बनाने में प्रमोद साहू, आरडी साहू, डॉ. लोकेश साहू, पोखराज साहू, योगेश्वर यादव, सुनीता साहू, राजकुमार निषाद, अर्जुन मानिकपुरी, पुष्पदंत गायत्री का योगदान रहा। प्रदेश के 20 जिले से पहुंचे 132 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि गौकरण साहू ने इस अभिनव की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री रामचरित मानस में हर समस्याओं का समाधान मिलता है। आदर्श समाज के निर्माण के लिए जीवन में आध्यात्म का होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### अरौद में हुआ समर कैंप का समापन

**मगरलोड।** ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में साहू भवन अरौद में समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में गांव के लगभग 40 बालक-बालिकाओं की उपस्थिति रही। शिक्षक कुलेश्वर साहू ने बच्चों को बाल संस्कार, नैतिक ज्ञान, चित्रकल, नृत्य, योग, भाषण शैली ज्ञानवर्धक जीवन उपयोगी शब्दों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा के अलावा बच्चों में बाल संस्कार, नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है। समापन अवसर के मुख्य अतिथि योग शिक्षक भागीरथी सोनकर, अरौद सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम साहू, शिक्षक कुलेश्वर साहू, भुवन साहू ने बच्चों की नैतिक शिक्षा पर विचार व्यक्त किये। ग्रामीण साहू समाज अरौद अध्यक्ष तोषण साहू, सचिव सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, सहसचिव संतोष साहू ने अतिथियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

### प्राक्चयन परीक्षा में 1509 विद्यार्थी शामिल हुए

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का जिले में प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए जिले में 6 परीक्षा केन्द्र मॉडल इंग्लिश स्कूल, मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर तथा मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी बनाया गया था। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा के लिए कुल 1672 विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन किए थे, जिसमें से 1506 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

## ब्लॉक कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर पूर्व केंद्रीय मंत्री को किया याद

# विद्याचरण की नेतृव क्षमता का संपूर्ण देश ने लोहा माना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के दौरान झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल को कुरुद ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि विद्याचरण शुक्ल छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु समूचे देश के कद्दावर व विलक्षण प्रतिभा के शख्सियत थे। उनके नेतृव में छत्तीसगढ़ की एक विशिष्ट पहचान बनी। प्रदेश व देश में अनेक विकास कार्यों का उल्लेखनीय कार्य उनके द्वारा किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि विद्याचरण शुक्ल छत्तीसगढ़ के आन-बान और शान थे। उनकी नेतृव क्षमता का लोहा सम्पूर्ण देश ने माना। सेवभावी और सहयोग की भावना दूसरे नेताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभापति डुमेश साहू ने कहा कि आज के परिदृश्य में ऐसे विलक्षण प्रतिभा के नेता का मिलना काफ़ी मुश्किल है। युवाओं को उनसे निरंतर प्रेरणा मिलती रहती है। समाजसेवा का भाव विद्याचरण शुक्ल में कूट-कूटकर भरा था। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेशर साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी गीताराम सिन्हा, युवा विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद उत्तम साहू, सभापति रोशन जांगड़े, महिला कांग्रेस नेत्री संध्या कश्यप, पार्षद प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल, ब्लाक महामंत्री पप्पू राजपूत, अर्जुन ध्रुव सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# श्रद्धालुओं ने सत्संग, भजन कीर्तन का किया श्रवण





■ सिवनीकला के चंदन बाग में मनाई गई कबीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला के चंदनबाग कबीर आश्रम में 9 जून को कबीर जयंती ग्रामवासियों द्वारा मनाई गई। कबीर आश्रम के संचालक संत बालेश्वर साहेब, पंकज साहेब, निर्मल साहेब, भैरू साहेब एवं साध्वी लता ने श्रद्धालुओं को प्रवचन सहित भजन कीर्तन का श्रवण कराया। संत कबीर साहेब के संदेशों को जनमानस तक पहुंचाने आश्रम के साहेब और ग्रामवासियों द्वारा भजन कीर्तन के साथ रैली निकाली गई। सत्संग का लाभ लेने ग्रामवासी की भीड़ उमड़ी रही। मौके पर टकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, विक्रम साहू, टेकराम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, रामेश्वर साहू, खिलावन चंद्राकर, दिलेश्वर साहू, दीपदान साहू, राजेंद्र निर्मलकर, कुंजीलाल साहू, बोधन साहू, डगेस साहू, मोहन साहू, बगस साहू, राधे चंद्राकर, श्रीराम चंद्राकार, राम आसरा साहू, अवध साहू, दिलीप साहू, बिसहत राम साहू, द्वारिका साहू ,कृष्णा साहू, घनश्याम तारक, नंदिनी साहू, गायत्री, मधु, मंजु, लता, रेखा, टिकेश्वरी , छन्नी यादव, गीता बाई, कविता पटेल, ममता सेन, तारामती, मनभा, सरिता, रंभा पटेल, मीराबाई, दुलारी, मैना, कमला तारक समेत अनेक श्रद्धालुओं ने सत्संग का रसपान किया। मंच संचालन सुशील साहू एवं आभार व्यक्त द्वारिका चंद्राकर ने किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ गर्भ संस्कार कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आंगनबाड़ी केंद्र बानगर में 11 जून को आयुष व स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम सुप्रजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ खिलेश साहू शासकीय आयुर्वेद औषधालय कातलबोड़ द्वारा सुप्रजा के तहत गर्भवती स्त्री को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, संतुलित आहार का सेवन करने व आयुर्वेदिक दिनचर्या का पालन करने की जानकारी दी गई। गर्भवती को उत्तम संतान प्राप्ति हेतु गर्भस्थ शिशु के साथ संवाद करने, संगीत व मंत्र को सुनने, सत्संग, प्रेरक कथाओं को सुनने व धार्मिक ग्रंथ की पुस्तक पढ़ने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट तुंगेश साहू, एएनएम विनीता साहू, मितानिन थानेश्वरी साहू, गांव की गर्भवती व शिशुवती महिलाएं उपस्थित थीं।

# अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर किया कच्ची लस्सी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिक्खों के पांचवें गुरु शहीदों के सरताज गुरु अर्जुनदेव के शहीद दिवस पर कच्ची लस्सी की सेवा की गई। ज्ञात हो कि गुरु अर्जुन देव महाराज ने इसी दिन शहादत दी थी। इतिहास के मुताबिक उस समय जहांगीर का पुत्र खुसरो बगावत करके आगरा से पंजाब की ओर आ गया। जहांगीर को सूचना मिली थी कि गुरु अर्जुन देव ने खुसरो की मदद की है। इसलिए उन्होंने गुरु जी को गिरफ्तार करने का आदेश जारी कर दिया। इसके बाद श्री गुरु जी को लाहौर में लोहे के गर्म तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया था। यासा के अनुसार किसी व्यक्ति का रक्त धरती पर गिराए बिना उसे यातनाएं देकर शहीद किया जाता है। गुरुजी के शीश पर गर्म रेत डाली गई। जब गुरुजी का शरीर अग्नि के कारण पूरी तरह जल गया तब उन्हें ठंडे पानी वाली रावी दरिया में उतार दिया गया जहां गुरुजी का पावन शरीर रावी में ही आरोप हो गया। श्री गुरुजी ने लाखों को विनम्र रहने का संदेश दिया। वह विनम्रता के पुंज थे। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा नगरी के सेवकों द्वारा बजरंग चौक में कच्ची लस्सी की सेवा की गई। ज्ञानी हैप्पी सिंह, जनपद पंचायत के सभापति मन्नूलाल यादव का विशेष सहयोग रहा।




# महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण पर मासिक मीटिंग ग्राम पंचायत जोरातराई के सभाकक्षा में परमेश्वरी साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद, एमटी अन्नपूर्णा साहू, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, मितानिन ललिता साहू, निर्मला निषाद, राधा पाल, फूलबासन सेन, लोकेश्वरी निषाद, लक्ष्मी तारक, मोंगरा साहू, खेमलता साहू, किरण साहू की उपस्थिति में रखी गई। महिलाओं ने हर घर में सोख्ता निर्माण करने का निर्णय लिया है। बारिश के पानी को इकट्ठा कर भू-जल स्तर को बढ़ाने पर चर्चा की गई। महिलाओं को पौधरोपण की प्राथमिकता बताते हुए कम से कम दो पेड़ लगाने का आह्वान किया। ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जानकारी दी गई।

# गायत्री यज्ञ संचालन, डफली बजाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

■ गायत्री परिवार का मुजगहन में पिछले एक माह से प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री परिवार द्वारा ग्राम मुजगहन में पिछले एक माह से लगातार यज्ञ संचालन, कर्म काण्ड, विभिन्न संस्कार, दीप यज्ञ, गीत संगीत एवं ढफली वादन का प्रशिक्षण महिला मण्डल की सदस्यों को दिया जा रहा है। हाईस्कूल एवं कालेज की छात्राएं भी इसका लाभ ले रही हैं।

प्रशिक्षक धन्वंतरि नाग ने बताया कि यज्ञीय आयोजन को रोचक, प्रभावशाली एवं उद्देश्य पूर्ण बनाने में गीत संगीत एवं ढफली वादन का विशेष महत्व है। गायत्री महायज्ञ में वेद मंत्रों का लय के साथ स्पष्ट उच्चारण, ढफली वादन में गीत के अनुसार विभिन्न ताल जैसे कहरवा, दादरा, रुपक उनकी मात्राओं का ज्ञान आवश्यक है। गृहे-गृहे यज्ञ अभियान में यही से प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा मुजगहन में 35 परिवारों में शानदार सफलतापूर्वक यज्ञ संपन्न कराया।

प्रशिक्षणार्थी श्रीमती तेजेश्वरी साहू, गायत्री नेताम, चित्रलेखा सिन्हा, मनीषा सेन, सरस्वती नाग, टेमेश्वरी साहू, सविता साहू, राधिका साहू, मीनाक्षी पटेल, मनीषा साहू एवं चेतना साहू शमिल हैं। जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं प्रज्ञा पीठ मुजगहन के संचालक राधेश्याम साहू ने प्रशिक्षण की सफलता की कामना की है।



क्र. 305/ न.पं. / राजस्व / 2024 - 25
नगरी, दिनांक 11/06/2024

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वासुदेव, पिता पुनीत राम ध्रुव जाति-गोंड, शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्र. 01 चुरियारा डीहीपारा, नगर पंचायत नगरी तह. नगरी जिला- धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 प.ह.नं. 23 बड़े झाड़ की जंगल की भूमि पर आवेदक की पत्नि स्व. गणेशी बाई पति वासुदेव ध्रुव के नाम मकान/ मलमा स्थित है। जिसका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्रं. 01 के मांग संख्या 199 वर्ष 2019-20 में दर्ज था। वर्तमान में गणेशी बाई का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी में दर्ज नहीं है । आवेदक अपनी पत्नि स्व. गणेशी बाई की मृत्योपरांत तथा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त मकान/ मलमा को निकाय के कर संग्रहण पंजी में अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज़ मलमा पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था का हित बद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 11/07/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी**

**(आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, जिला-धमतरी छ.ग.**
**(पीठासीन अधिकारी:- श्री मोहन सिंह कोर्राम)**

शिवनारायण पांडेय ...वादी

**// बनाम //**

शांता वैद्य वगै. ...प्रतिवादीगण
प्रोसेस क्र.-923/24
प्र.क्र.-89 अ/2023
पेशी तारीख : 26.06.2024
प्रति,

प्रतिवादी - मेहतरीन बाई पति देवलाल उम्र 65 वर्ष जाति महार निवासी-दानीटोला वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी (छ.ग.)
प्रतिवादी क्र. 3 मेहतरीन बाई पति देवलाल उम्र 65 वर्ष जाति महार को इस पेपर प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि वादी शिवनारायण पांडेय द्वारा एक वाद वास्ते घोषणा एवं घोषणात्मक आज्ञाप्ति एवं जारी करने स्थायी निषेधाज्ञा तथा पाने कब्जा का इस न्यायालय में है जिसका व्य.वा.क्र.-89 अ/2023 शिवनारायण पांडेय बनाम शांता वैद्य वगै. का प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय धमतरी में दिनांक 26.06.2024 को नियत रखा गया है।

प्रतिवादी क्र. 3 उक्त दिनांक को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिसे उक्त प्रकरण के संबंध में जानकारी हो तो प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक को जवाब/आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने पर प्रकरण की सुनवाई किया जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण में सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 10.06.2024 को न्यायालय के मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(श्री मोहन सिंह कोर्राम)**
**न्यायाधीश**
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जिला-धमतरी (छ.ग.)**

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 धमतरी के अतिक्ति न्यायालय धमतरी (छ.ग.)**
**(सि.पी.सी.आदेश 05 के नियम 1 और 5)**
प्रो.क्र. 07/24

**ईश्तहार**

सि.प्र.क्र.25 अ/2024 पेशी दि.24/06/2024
भूखन नेताम पिता स्व. नोहरसिंग जाति गोड़ वगैरह
निवासी ग्राम-कन्डेल तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)-वादीगण
विरुद्ध
(1) आम जनता
(2) छत्तीसगढ़ शासन
मार्फत-जिलाधीश महोदय धमतरी
जिला धमतरी (छ.ग.) - प्रतिवादीगण
क्यो कि सायल ने अपना छोटा भाई कैलाश पिता नोहरसिंह नेताम जाति गोड़ केन्द्रीय सुरक्षाबल (गृह मंत्रालय) आरक्षक के पद पर होशंगाबाद में पदस्थ था किन्तु दिनांक-27/04/2000 से ईकाई लाईन से बिना किसी सक्षम अधिकारी के पूर्वानुमति या स्वीकृति के अनुपस्थित रहे है जिसकी सूचना व बुलावा पत्र थाना प्रभारी थाना अर्जुनी के माध्यम से वादीगण को माह मई 2000 को प्राप्त हुआ था किन्तु वादी क्र.1 से 4 का छोटा भाई कैलाश नेताम ग्राम कन्डेल नहीं आया था इसलिये कोई सूचना थाना प्रभारी अर्जुनी को नहीं दे पाये जबकि वादीगण अपने रिश्तेदारो और अन्य व्यक्ति से पुछताछ कर उनका पता लगाये है, किन्तु उनका पता नहीं चला है अतः ग्राम-कन्डेल प.ह.नं.00015 रा.नि.मं. भोथली, तहसील व जिला धमतरी छ.ग. में उनके साथ संयुक्त खाते में दर्ज भूमि खसरा नं. 1019, 2237,2298,2301 रकबा क्रमशः 0.3900, 0.3600, 0.8200, 0.0900 हे. खरा का योग-4 कुल रकबा का योग-1.6600 हे. में कैलाश पिता नोहरसिंह नेताम जाति गोड़ का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित करने के लिये उसकी सिविल मृत्यु होने की आज्ञाप्ति प्रदान करने के लिये घोषणात्मक वाद पेश किये है।

अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाति है कि उक्त सम्बध जिस किसी व्यक्ति संस्था या कम्पनी को जानकारी देना हो या दावा आपत्ति करना हो तो पेशी दिनांक-24/06/2024 को हक की हैसियत के साथ अदालत में हाजिर होवे अन्यथा प्रकरण में अग्रिम कार्य वाही की जावेगी।

आज दिनांक-10/06/2024 को अदालत की मोहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक- 10/06/2024

**(पी.अ.श्रीमति अर्चना भास्कर)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 धमतरी के अतिक्ति न्यायालय धमतरी (छ.ग.)**

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 07 जून 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 14 जून 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM Interventional Cardiologist, 15 जून 2024 शनिवार

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार, 12 जून 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

10 कठौली में हुई रामचरित मानस व्याख्यान प्रशिक्षण कार्यशाला



12 सड़क पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई ...



## खबर संक्षेप

### मराठा मंगल भवन में भागवत कथा 19 से

**धमतरी।** मराठापारा निवासी श्रीमती द्रौपदी बाबर, योगेश कविता बाबर, सुदेश मुक्ति बाबर परिवार द्वारा स्व. द्वारका राव



बाबर की स्मृति में मराठा मंगल भवन मराठापारा में 19 से 25 जून तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक नारायण महाराज जी श्री राधे निकुंज आश्रम भिलाई दुर्ग होंगे। यज्ञ हवन पूर्णाहुति 25 जून मंगलवार को सुबह 8 बजे होगी। महाप्रसादी 25 जून को दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ होगी। अभिमन्यु बाबर, ओजस्वी बाबर, अनन्या बाबर, कामिनी लोकेश गायकवाड़, यश यशस्वी गायकवाड़ ने भक्तों से कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

### भोजराज नाग 12 को सिहावा विस में

**नगरी।** ऐतिहासिक जीत के बाद केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के बाद भाजपा सांसद भोजराज नाग का 12 जून को



सिहावा आगमन हो रहा है। कुकरेल मंडल के दरगहन बस स्टैंड में सुबह 10 बजे, मगरलोड बस स्टैण्ड में दोपहर 1 बजे, बजरंग चौक नगरी में 4 बजे, बस स्टैंड बेलरगांव शाम 6 बजे जनसंपर्क करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ हलधर साहू जिला सहप्रभारी, प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष धमतरी, श्रीमती पिंकी शाह किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक एवं विधानसभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी रामगोपाल साहू सिहावा विधानसभा मीडिया प्रभारी ने दी है।

### शिव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा 18 से

**धमतरी।** बठेना वार्ड जेल रोड में नवनिर्मित पंचमुखी महादेव मंदिर में शिव स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 18 से 20 जून तक किया गया है। 18 जून को कलश यात्रा, वेदी पूजन, 19 को अन्नाधिवास, वेदीपूजन, जलाधिवास, फलधिवास, 20 जून को देव प्रतिष्ठा, हवन, पूर्णाहुति होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का वितरण होगा। आचार्य के रूप में पं. हरिभूषण मिश्रा, उपाचार्य पं. महेंद्र मिश्रा उपस्थित रहेंगे। यजमान परिवार रामप्रसाद सिन्हा, अंजनीबाई, कमलेश, ओकेश्वरी, प्रदीप, नीतेश्वरी, कमल पदमनी, जागृति, भूमि, मोहित, तनुजा, सौम्या, पुन्याज, तानी, शिवधनम ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# क्रय जमीन का पंजीयन नहीं कराना पड़ रहा डूबानवासियों को महंगा

**50 साल पहले डूब प्रभावित 58 लोगों ने मालगुजार से खरीदी थी 80 एकड़ जमीन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्रय की गई जमीन की रजिस्ट्री नहीं करा पाना अब डूब प्रभावितों को काफी महंगा पड़ रहा है। मालगुजार के वंशज अब उस जमीन पर अधिकार जमाने के लिए सामने आ गए हैं। 80 एकड़ पर 50 साल से काबिज 58 डूब प्रभावितों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त जमीन का पंजीयन कराने की मांग की है।

डूब प्रभावित तुलाराम साहू, शिवराम साहू, गणेश मंडावी, सियन साहू, हीरालाल सतनामी आदि ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि गंगरेल बांध बनने से पहले उनका मकान, खेत, जमीन ग्राम दरगहन, सिंघोला, भिड़ावर में था। सन 1975-76 में डूब में चली गई जमीन की मुआवजा राशि शासन से प्राप्त हुई। उक्त राशि से ग्राम भिड़ावर के मालगुजार अशरफ खान हाल निवास रायपुर से इकरारनामा कर जमीन क्रय किया गया। क्रय की गई जमीन की बयाना राशि देकर जमीन का पंजीयन होने पर शेष राशि देना तय हुआ तब से वे जमीन पर कास्तकारी, कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं। डूब प्रभावितों ने कहा है कि उनके द्वारा जमीन का पंजीयन कराए बिना किस्तों में पूरी राशि मालगुजार को दी जा चुकी है। वे मालगुजार से जमीन का पंजीयन कराने सालों से कहते आ रहे हैं लेकिन उनके द्वारा आजकल कहकर टाला जा रहा है। उनके पास इकरारनामा का पेपर है जिसके माध्यम से सन 1988-89 में कुछ लोगों ने जमीन का पंजीयन नामांतरण कराया है।

डूब प्रभावितों ने कहा कि सन 1975-76 में उस जमीन को क्रय कर काबिज हैं। कृषि भूमि पर मोटरपंप के लिए बोर खनन कराया गया है ताकि दो फसल अर्जित कर सके। 8 जून को मालगुजार का पुत्र उनकी भूमियों का सीमांकन आदेश करवाकर आरआई और पटवारी के साथ गांव पहुंचा था। ग्रामवासियों ने जमीन को विवादित बताकर सीमांकन कराने से मना किया। डूब प्रभावितों ने क्रय कर काबिज हुई भूमि का पंजीयन नामांतरण मालगुजार से कराने की मांग कलेक्टर से की है।

## पौधरोपण से लेकर जलस्त्रोतों पर रहेगी नजर, कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा पोर्टल

# सैटेलाइट से होगी टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट की निगरानी अब सैटेलाइट के माध्यम से पोर्टल से होगी। यहां पर कितने पौधे रोपे जा रहे हैं, जलस्त्रोत में पानी कितना है, जंगल में क्या-क्या काम चल रहा है। इसे पोर्टल पर ही देखा जा सकेगा। देश का यह पहला अभ्यारण्य होगा, जिसकी मॉनिटरिंग सैटेलाइट के माध्यम से होगी।

धमतरी के सीतानदी और गरियाबंद के उदंती रिजर्व फॉरेस्ट को एक साथ जोड़कर सीतानदी-उदंती अभ्यारण्य बनाया गया है। इस अभ्यारण्य का क्षेत्रफल 1842 वर्ग किमी में फैला हुआ है। जंगल में हमेशा पेड़ों की कटाई और लकड़ियों की तस्करी की शिकायत मिलती रहती है। घनघोर जंगल होने के कारण जंगल की निगरानी करना मुश्किल था। इस समस्या को दूर करते हुए अब सीतानदी-उदंती रिजर्व फॉरेस्ट की निगरानी सैटेलाइट के माध्यम से पोर्टल से की जाएगी। क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर गूगल अर्थ इंजन की मदद से रिमोट सेंसिंग का संचालन किया जाएगा। गूगल अर्थ इंजन में मौजूद रिकार्ड को पोर्टल में आसानी से और बेहतर क्वालिटी के साथ देखा जा सकेगा। देश में यह पहली बार है कि किसी अभ्यारण्य की मॉनिटरिंग सैटेलाइट के जरिए की जाएगी।



### अवैध कटाई, शिकार पर रहेगी नजर

जंगल के 12 साल की जानकारी तैयार की जा रही है। इसके आधार पर जंगल का तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा। कहां पर अवैध कटाई के मामले बढ़ रहे हैं। कहां पर पेड़ों की संख्या कम हो रही है। कहां पर वन्यजीवों का शिकार हो रहा है। इन सभी के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर एंटी पोंचिग आपरेशन चलाया जाएगा। आगजनी जैसी घटनाओं पर भी नजर रखी जाएगी।

### होगा तुलनात्मक अध्ययन

सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि अभ्यारण्य इलाके में जारी प्रत्येक वानिकी कार्य का डेटा ड्रोन मेपिंग पोर्टल के जरिए कोई भी व्यक्ति आसानी से देख सकेगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसर के पूर्व छात्रों ने एक संस्थान के साथ मिलकर यह पोर्टल तैयार किया है। कुछ दिनों में इस सुविधा को शुरू कर दिया जाएगा। कुछ जानकारी सुरक्षा के लिहाज से पब्लिक डोमेन में नहीं डाली जाएगी, लेकिन विभागीय स्तर पर इसकी निगरानी की जा सकेगी।

### कार्यों पर रहेगी नजर

सड़क सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाते हैं। इसकी भरपाई के लिए 1 पेड़ के बदले 10 पेड़ लगाना अनिवार्य है। शहर के आसपास जगह नहीं होने के कारण वन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी जाती है, जो जंगल में पौधरोपण करता है। जंगल में पौधरोपण होने के कारण लोगों को पता ही नहीं चलता था कि पेड़ों की कटाई के बाद कितने पेड़ और कहां पर लगाए गए। इस पोर्टल के माध्यम से पौधरोपण को स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त जंगल स्थित जलस्त्रोतों पर जल का स्तर भी देखा जा सकेगा। हर सप्ताह पोर्टल में सैटेलाइट से जानकारी अपडेट की जाएगी।

# ट्रैक्टर से अलग होकर टैंकर ने तीन वाहनों को किया क्षतिग्रस्त

- ई-रिक्शा चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान, गणेश चौक की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




टोचन पट्टा टूट जाने से पानी से भरा टैंकर इंजन से अलग हो गया और तीन वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कई वार्डों में नगर निगम के टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। गणेश चौक के पास स्थित बाल्मिकी मोहल्ले के मोटरपंप में खराबी आ जाने से मोहल्लेवासियों को पानी नहीं मिल रहा था। इसे देखते हुए वार्ड के पार्षद ने नगर निगम से टैंकर भिजवाया। सोमवार को निगम का पानी ट्रेक्टर पानी से भरा टैंकर लेकर मोहल्ले में पानी सप्लाई के लिए पहुंचा था। मोटरपंप की मरम्मत हो जाने के कारण पानी टैंकर को वापस निगम ले जाने के लिए ट्रेक्टर को मोड़ा जा रहा था। इसी दौरान इंजन से जुड़े टैंकर का टोचन पट्टा टूट गया। टोचन के टूट जाने से इंजन से अलग होकर पानी से भरा टैंकर पीछे की तरफ सरकते हुए नाली में जा घुसा। इस दौरान टैंकर ने बिलाईमाता मंदिर के पास से सवारी छोड़कर आ रही ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। ई-रिक्शा चालक ने टैंकर को अपनी तरफ आते देख कूदकर अपनी जान बचाई। टैंकर ने दोपहिया वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर लिया। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है।

# बारिश तीन दिन बाद, अभी और तपेगा सूरज

- प्रदेश के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल

**धमतरी।** आगामी 3 दिनों तक प्रदेश के मध्य तथा उत्तर क्षेत्र में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है बल्कि तापमान में 1 से 3 डिग्री तक वृद्धि हो सकती है। इसके बाद झमाझम बारिश और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 48 घंटे के दौरान छग के कुछ और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। अगले 5 दिनों तक प्रदेश के दक्षिण तथा मध्य भागों में गरज-चमक के साथ वज्रपात व अंधड़ की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

मौसम सूत्रों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में साईक्लोन सिस्टम बनने जा रहा है। यह सिस्टम मानसून को धकेलकर तेजी के साथ आगे बढ़ने में सहायक होगा। इससे 13 से 17 जून तक छग के बस्तर संभाग से लेकर सरगुजा क्षेत्र तक झमाझम बारिश होने की संभावना है।

# कार्यशाला में नए भारतीय कानून की दी जानकारी

- कार्यशाला में सभी थाने व चौकी के सीसीटीएनएस आपरेटर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नए भारतीय कानून की जानकारी देने पुलिस कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला रखी गई जिसमें सभी थाने व चौकी प्रभारी सहित सीसीटीएनएस आपरेटरों ने भाग लिया।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में हाल ही में बने नये भारतीय कानूनों व साफ्टवेयर के संबंध में जानकारी दी गई। एसपी ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में एसपी ने नये कानूनों की आवश्यकता एवं मूलभूत दृष्टिकोण में आये बदलाव के संदर्भ में बताया। नये कानून व उसके साफ्टवेयर की जानकारी रखने निर्देशित किया ताकि क्रियान्वयन के समय किसी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान विवेचकों के प्रश्नों एवं शंकाओं का निराकरण किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नये भारतीय कानूनों के अनुसार अपराधों की प्रवृष्टि के लिए जानकारी देनी है। कार्यशाला में डीएसपी नेहा पवार, भावेश साव, सभी थाने व चौकी के सीसीटीएनएस आपरेटर्स व दिनेश चंदेल, प्रआ विपिन पाजिया, आरक्षक विजय शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# लापरवाह 42 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

- यातायात पुलिस ने सदर मार्ग पर पैदल पेट्रोलिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लापरवाह 42 वाहन चालकों पर ट्रेफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई की।

सदर मार्ग में सुव्यवस्थित यातायात बनाने यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने स्टाफ के साथ घड़ी चौक से लेकर रामबाग तक पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान सड़क तक सामान निकालकर व्यवसाय करने वालों को उनका सामान भीतर करवाया गया। बेतरतीब व नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों पर कार्रवाई कर पार्किंग में वाहन खड़ा करने की समझाइश दी। पेट्रोलिंग के दौरान बिना लायसेंस व मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करते हुये प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा वाहन चालकों पर 6 हजार व 12 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

यातायात पुलिस ने आम लोगों एवं वाहन चालकों से बिना लाइसेंस व मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी व रान्ग साइड में वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करते हुये पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

**प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ने राजीव भवन में पत्रकारों से की चर्चा**

# पिछले 6 माह में राज्य में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






छग शासन के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मंगलवार को धमतरी प्रवास पर रहे। उन्होंने राजीव भवन पहुंचकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इससे पूर्व श्री साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बलौदाबाजार की घटना निंदनीय है। राज्य के इतिहास में ऐसी घटना कभी नहीं हुई है जिसमें भीड़ ने कलेक्टोरेट व एसपी कार्यालय में आग लगाई हो। इस मामले पर नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। इस घटना के चश्मदीदों के अनुसार भाजपा के नारे लग रहे थे। यह एक बड़ी इंटेलिजेंस चूक है। भीड़ के कारण आगजनी की घटना हुई। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 6 माह में राज्य में अपराध का ग्राफ काफी तेजी से बढ़ा है।

श्री साहू ने बताया कि छग में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हार की समीक्षा होगी। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मेहनत की थी। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। लोक हित में पार्टी काम कर रही है। आगे भी करेगी।

उन्होंने क्षेत्र की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे लोगों की समस्याएं दूर करने आगे रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, शरद लोहाना, गुरुमुख सिंह होरा, महापौर विजय देवांगन, विपिन साहू, मोहन लालवानी, नीशु चंद्राकर, पंकज महावर, गोपाल शर्मा, आकाश गोलछा, अरविंद दोशी, धामेश्वरी साहू, घनश्याम साहू, उदितनारायण, राजा देवांगन, आशीष थिटे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कंडेल सरपंच पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



तालाब निर्माण एवं मनरेगा कार्य में अनियमितता का मामला

तालाब निर्माण तथा मनरेगा कार्य में अनियमितता के मामले में कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने पर सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग ग्राम कंडेल के लोगों ने की है।

शिकायतकर्ता शिवराम, शंकर विश्वकर्मा एवं अन्य ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर कहा है कि जनपद सीईओ धमतरी ने ग्राम कंडेल में कथित तालाब निर्माण और मनरेगा कार्य में अनियमितता की जांच सहायक आंतरिक लेखा परीक्षक, करा अधिकारी एवं तकनीकी सहायक से कराई है जिसमें जांच अधिकारियों ने अनियमितता पाई है।

इस मामले में सरपंच सहित तत्कालीन सचिवों को 9 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। दो माह बीतने के बाद भी सरपंच द्वारा नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया है। इससे साबित होता है कि सरपंच ने शासकीय कार्य में भ्रष्टाचार किया है। शिकायतकर्ताओं ने सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### सुप्रजा पर दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रजा के तहत विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी में आयोजित इस प्रशिक्षण में आयुष विभाग के मास्टर ट्रेनर्स, एनआरएलएम बिहान के बीपीएम, एरिया कोऑर्डिनेटर, एडीईओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को पर्यवेक्षकों को 'सुप्रजा' के अंतर्गत गर्भ संस्कार, गर्भिणी परिचर्चा, गर्भस्थापक एवं गर्भस्थ शिशुओं के सम्पूर्ण विकास की जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को सुप्रजा के महत्व एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए गर्भ स्थापक औषधियों का जीवन्त प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण में कुल 431 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया।

### बिरगुड़ी परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नगरी।** परिक्षेत्र बिरगुड़ी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भूपत साहू उपाध्यक्ष ईन्दल साहू सचिव यादवेन्द्र साहू कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू महासभा सदस्य शकुन्तला साहू राधा बाई साहू उपाध्यक्ष ललिता देवी हंडूराम, श्यामलाल, खम्मन लाल व्यापारी, कर्मचारी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीरज कुमार, टुकेश्वर महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्रीय सदस्य पामेन्द्र कुमार साहू, राकेश कुमार एवं समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कौशल देवी साहू ने शपथ ग्रहण कराया। निवृतमान पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र फल भेंट कर सम्मानित कर बिदाई दी गई। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह, नेहरू राम साहू, खेदुराम, तिलक राम, भगवान दीन, श्रवण साहू एवं समस्त बिरगुड़ी परिक्षेत्र के साहू बंधु उपस्थित थे।

### बैठक में सामाजिक प्रकरणों का हुआ निबटारा

**धमतरी।** लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक परिक्षेत्रीय भवन में आयोजित की गई। अशोक साहू सभापति के सानिध्य में मां कर्मा की आरती और पूजा-अर्चना की गई। कक्षा 10वीं एवं 12 वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। परिक्षेत्र के निवृतमान पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। गोपाल साहू, चिरौंजी लाल साहू, निर्मलसाहू, रेणुका साहू, तरुण साहू, पन्नालाल साहू ने सामाजिक प्रकरणों को हल करने में अपनी भूमिका निभाई। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। मौके पर हंसराज साहू अध्यक्ष, तरुण साहू संरक्षक, चुनुलाल साहू, राजाराम साहू, श्रवण साहू, लक्ष्मण, घनश्याम सिंह साहू, कार्तिक राम, रेणुका साहू, रुक्मणि, सावित्री समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक का संचालन ज्ञानानंद साहू सचिव ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती पूर्णिमा बनपेला जनपद सदस्य एवं चारामा, संकरी अभनपुर और दानीटोला परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान की।

### समय बचाने के चक्कर में लोग शार्टकट रास्ता अपनाकर दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

# सड़क पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**

शहर के नेशनल हाईवे मार्ग में अर्जुनी चौक से लेकर अम्बेडकर चौक तक बाइक, आटो, कार चालक रॉन्ग साइड ड्राइविंग करते दिख जाएंगे। सड़क के डिवाइडर में गेप कम होने की वजह से वाहन चालक चौक के आते तक रॉन्ग साइड में रहते हैं जिससे यातायात बाधित होता है। रॉन्ग साइड चालकों की वजह से गंभीर दुर्घटना होने की आशंका है। ऐसे लोगों की रोज खबर लेने की जरूरत है। पकड़े गए वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। अक्सर यह देखने को मिलता है कि रॉन्ग साइड पर ड्राइविंग के कारण ही वाहनों में भिड़ंत होती है। हादसे में लोगों के घायल होने के अलावा जान भी चली जाती है।

शहर के नागरिक विनय डोडवानी, प्रकाश पाहुजा, निर्मल गढ़वी ने शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि शहर में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं अर्जुनी चौक से लेकर अम्बेडकर चौक तक होती हैं। वन-वे ड्राइविंग के लिए सड़क के बीचोबीच डिवाइडर बनाया गया है ताकि यातायात सुचारू रूप से हो सके लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो शार्टकट अपनाकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग करते हैं जो उनके लिए खतरा तो है साथ ही सही साइड में चलने वाले वाहन चालक के लिए मुसीबत खड़ी कर देते हैं।

#### एनएच में तीन प्वाइंट जहां लोग करते हैं गलती

नेशनल हाईवे मार्ग में अम्बेडकर चौक से रत्नाबांधा चौक तक डिवाइडर में कोई गेप नहीं है। लोगों को अपनी दुकान, आफिस, पेट्रोप पंप या अन्य जगह जाने के लिए जल्दी रहती है इसलिए इस जगह पर सबसे ज्यादा रॉन्ग साइड वालन चालक मिलेंगे। दूसरा प्वाइंट यह है रत्नाबांधा चौक से घड़ी चौक डिवाइडर के गेप नहीं होने की वजह से लोग रॉन्ग साइड चलना पसंद करते हैं। तीसरा पड़ाव घड़ी चौक से सिहावा चौक तक लोग जल्दी के चक्कर में चौक क्रॉस न कर रॉन्ग साइड चलना पसंद करते हैं। इन स्थानों में पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन दौड़ाने की जरूरत है ताकि रॉन्ग साइड चलने वालों पर अंकुश लगे।

## टोल टैक्स से बचने गांव के रास्ते गुजर रहे भारी वाहन



■ आवाजाही पर रोक लगाने ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद**

एनएच 30 में जब से टोल प्लाजा शुरू हुआ है तबसे धमतरी जिले के नागरिकों एवं संगठन टोल टैक्स में छूट प्रदान करने के लिए लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर टोल टैक्स से बचने के लिए चारपहियाधारी रास्ता बदलते हुए सफर करते नजर आ रहे हैं जिससे भखारा रोड एवं कुरूद के चरमुड़िया, अटंग, अछोटी, सिर्री रोड पर दबाव बढ़ गया है।

बता दें कि नेशनल हाईवे ऑफ अथॉरिटी द्वारा एनएच 30 में मरौद के पास टोल नाका बनाकर कार, बस, भारी वाहन व अन्य वाहनों से निर्धारित शुल्क लेना 3 जून से शुरू हो गया है। इससे धमतरी जिले के नागरिकों को राजधानी का सफर तय करने के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है। इससे बचने के लिए कई लोग गांव के रास्ते से गुजर रहे हैं जिससे गांव के लोगों की चिंता बढ़ गई है। सोमवार को अटंग के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर आवाजाही पर रोक लगाने ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि टोल नाका में शुल्क से बचने के लिए हल्के चारपहिया वाहन एवं भारी वाहन हाइवा ट्रेलर गांव के रास्ते से गुजर रहे हैं। इससे हर पल जन हानि एवं अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। इससे आसपास के गांव वाले भी परेशान हैं। शासन- प्रशासन इस पर जल्द ही लगाम लगाएं नहीं तो ग्रामीण वाहन रोककर प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

## डांडेसरा शाला विकास समिति की हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)**

शासकीय माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला एवं नवीन प्राथमिक शाला डांडेसरा में संयुक्त शाला समिति एवं मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता समूह की बैठक रखी गई। बैठक में शाला की साफ-सफाई, शाला प्रवेश उत्सव, मध्यान्ह भोजन की तैयारी एवं न्योता भोजन व अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, सरपंच बिन्दु साहू, शाला के प्रधानपाठक राजेश साहू, खेमिन साहू, सूर्यकांत साहू, बृजभूषण बंजारे, किरण कुमार साहू, टिकेश्वर साहू, राजनारायण दीवान, सुभाष ध्रुव, आसीन दीवान, कीर्ति साहू, सेवती साहू, अंजु ध्रुव, मेमबाई साहू, नन्दनी साहू, सरस्वती साहू, चम्पा साहू उपस्थित थे।

## सशिमं में होता है संस्कार का निर्माण

■ कुरुद में धमतरी, गरियाबंद और कांकेर जिले के शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**

सरस्वती शिशु मंदिर पूरे भारत में विद्या भारती अंतर्गत भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कृत भाषा के ज्ञान के साथ व्यावहारिक और व्यवसायी एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। इन स्कूलों में शिक्षा देने वाले अध्यापकों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र 2024 का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर कुरुद में किया जा रहा है। यहां धमतरी जिले के साथ गरियाबंद और कांकेर जिला से आये अध्यापकों का प्रशिक्षण पिछले 8 दिनों से जारी है।

मुख्य वक्ता के तौर पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने प्रशिक्षु अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के वैदिक गुरुकुल की शिक्षा पद्धति आज दुनिया में सबसे ज्यादा प्रचलित और मान्य शिक्षा पद्धति है। इन स्कूलों के माध्यम से बच्चों में संस्कार का निर्माण किया जाता है। आधुनिकता की अंधी दौड़ से बचकर नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने की शिक्षा स्कूलों के माध्यम से देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दीपक सोनी प्रखंड मंत्री कुरुद, रमेश साहू सेवानिवृत्त ऑर्डनरी कप्तान, श्रीमती कुसुम साहू, सरस्वती शिशु मंदिर संस्था के जिला संयोजक थान सिंह साहू, खण्ड कार्यवाह तामेश्वर साहू, रेणुका साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## खेल से एकता और भाईचारा मजबूत होता है : ओंकार



**धमतरी।** ग्राम कंवर में गढ़िया इलेवन क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रिकेट दुनिया में सबसे प्रचलित खेलों में से एक है। भारत में क्रिकेट का खेल कई वर्षों से खेला जा रहा है। इस खेल को बच्चों द्वारा काफी पसंद किया जाता है। क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ स्टेडियम में जुट जाती है। श्री साहू ने आगे कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। साथ ही स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का विकास भी होता है। खेल से एकता और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती संगीता सिन्हा विधायक संजारी बालोद ने की। विशिष्ट अतिथि तामेश्वर साहू ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गुरुर, श्रीमती दिव्या रेखलाल पटेल सरपंच कंवर थे।

## सूचना के अधिकार की अवहेलना, तत्कालीन जनपद सीईओ पर 50 हजार का लगा जुर्माना




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी**



शासन द्वारा नागरिकों को जागरूक करने कई कानून लागू किए गए हैं। इनमें से एक प्रमुख कानून है सूचना का अधिकार अधिनियम। इससे कोई भी व्यक्ति कोई भी जानकारी सरकारी दफ्तरों से प्राप्त कर सकता है परंतु अधिकारी नियमों की अवेहलना करने से अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत कुरुद का है । सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे ग्राम खपरी बंगोली ने 19 अप्रैल 2021 व 27 अप्रैल 2021 को जनसूचना अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद से सूचना के अधिकार के तहत ग्राम पंचायत चोरभट्टी में पदस्थ रोजगार सहायक उत्तम कुमार पटेल एवं मोंगरा की रोजगार सहायिका श्रीमती महेश्वरी पति आत्माराम ध्रुव की नियुक्ति के संबंध में जानकारी मांगी थी परंतु जन सूचना अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद द्वारा दोनों की नियुक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद प्रथम अपील अधिकारी जिला पंचायत धमतरी में प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया चाही गई जानकारी प्राप्त नहीं होने पर परमानन्द कुर्रे ने राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील की जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएन वर्मा ने राज्य सूचना आयोग को शपथ पत्र में कार्यालय में दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी।

राज्य सूचना आयोग द्वारा तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएन वर्मा जनपद पंचायत कुरूद एवं वर्तमान में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद को राज्य सूचना आयोग द्वारा शपथ पत्र में कौन सा दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं है, यह स्पष्ट नहीं होने एवं सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की अज्ञानता व अवेहलना करने पर दोनों आवेदन में अलग - अलग 25-25 हजार जुर्माना लगाकर उनके वेतन से कटौती कर शासन के कोष में चालान के माध्यम से जमा करने एवं चालान की प्रति आयोग को प्रेषित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद को आदेश का पालन करने हेतु पत्र जारी किया गया है।

### तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में अतिथियों ने रखे विचार

## झरिया गंधर्व समाज ने व्यर्थ खर्चों पर प्रतिबंध लगाने का लिया निर्णय





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**

झरिया गंधर्व समाज का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कर्णेश्वर धाम स्थित सामाजिक भवन में हुआ। प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि श्रीमती आराधना नागेन्द्र शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी थीं। पारंपरिक वाद्य के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीमती शुक्ला ने झरिया गंधर्व समाज को स्वाभिमानी बताते हुए कहा कि जब भी समाज को मेरी आवश्यकता पड़ेगी, जनप्रतिनिधि के नाते सामाजिक विकास और उत्थान के लिए खड़ी रहूंगी। विशेष अतिथि कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने सामाजिक संगठन के महत्व एवं सामाजिक एकता में बने रहने की बात कही। छिपलीपारा सरपंच राजेश कोर्राम ने भी शिक्षा पर जोर दिया।

समाजजनों ने व्यर्थ खर्चों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। मौके पर अध्यक्ष गणेश राम टांडेश, उपाध्यक्ष गणेश राम नागरची, सचिव बृजभूषण बघेल, कोषाध्यक्ष सेवाराम बघेल, सह सचिव बसंत टांडेश, सभा संचालक सुखीराम नागची, सुरेश कुमार झरिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती चमेली बाई सोनवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी बघेल, सचिव श्रीमती धनेश्वरी नेताम, कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला बाई सूर्यवंशी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष मरकाम, उपाध्यक्ष जितेन्द्र मरकाम, सचिव सुरेश झरिया, कोषाध्यक्ष गैंदलाल सागर, विक्रम बघेल, भोजराज सो न वा नी जिला मीडिया प्रभारी मौजूद थे।

### कलाकारों ने शिमला में जन जागरुकता अभियान चलाया

**धमतरी।** ऑल इंडियन आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला द्वारा रोहिताश गौड़ भाभी जी घर पर हैं फेम एवं रेखा गौड़ के संयोजन में आयोजित राष्ट्रीय रंग महोत्सव। जिसमें शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप के कलाकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया है। धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी के विभिन्न चिन्हांकित मुद्दों पर जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर सभी प्रतिभागियों ने कला के साथ-साथ समाज में जन जागरूकता के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के द्वारा लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक जल बचाओ जीवन बचाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पेड़ एवं पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिमला के विभिन्न चौक चौराहो पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

# क्षेत्र के किसानों को दिए तकनीकी खेती के टिप्स

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी**

#### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया समृद्ध किसान उत्सव





किसानों को तकनीक का प्रयोग करते हुए उन्नत खेती करने के लिए टिप्स देते हुए कृषि विशेषज्ञों ने फसल चक्र परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन की उर्वरता बचानी है तो अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से तौबा करनी होगी।

कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी तथा कृषि जागरण के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को समृध्द किसान उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा बनपेला थीं। उन्होंने कहा कि उन्नत किस्म के बीज एवं पौध सामग्री का उपयोग करने चाहिए। अध्यक्षता कर रहे सेहराडबरी सरपंच किसन नेताम ने जल-जगार एवं स्वच्छता तथा मंडी के पूर्व अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर ने दलहन तथा तिलहन फसल पर जोर दिया। इंजीनियर अमित कुमार सिन्हा ने उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ शक्ति वर्मा ने व्याधियों के विषय में जानकारी दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने मछली पालन एवं मुर्गी पालन को लेकर टिप्स दिए। वैज्ञानिक प्रेमलाल साहू ने प्राकृतिक खेती विषय में जानकारी दी।

वैज्ञानिक डॉ दीपिका चन्द्रवंशी ने उद्यानिकी फसलों पर संक्षिप्त जानकारी दी। सहायक संचालक उद्यानिकी दिलीप सिंग कुशवाहा ने विभागीय योजनाओं एवं सब्जी उत्पादन की जानकारी दी। महिंद्रा ट्रेक्टर के सीनियर एरिया मैनेजर रमाकांत द्विवेदी ने ट्रैक्टर्स के उपयोग एवं रखरखाव की जानकारी दी। अनूप श्रीवास ने हार्वेस्टर के उपयोग तथा रखरखाव के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। कृषि जागरण के एडिटोरियल हेड विवेक कुमार राय ने कई उपयोगी जानकारी किसानों के साथ साझा की। भोलाराम चन्द्राकर ने सिघाड़ा उत्पादन, गेमन चन्द्राकर ने ढेंस उत्पादन की जानकारी दी। इस दौरान घेगन पटेल, हरिओम साहू, गोवर्धन सिन्हा, निर्मल साहू, राधेश्याम साहू, ताराचंद साहू, योगेश्वरी देवांगन, अनूप देवांगन, महेन्द्र धीवर, हरिश्चन्द्र साहू, पोखन साहू, सखाराम साहू, कमल सिंह, हंसराज साहू, रमन साहू, वीरसिंग सोरी, रूपराम साहू, भरत चन्द्राकर, सगनू राम साहू, विमला बाई, हीरालाल उपस्थित थे।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020